मेहुती में अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

महात्मा गांधी एवं अमर शहीद सुखराम सिंह की स्मृति में आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना 29 जनवरी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अमर शहीद सुखराम सिंह की स्मृति में आयोजित अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री गुलाब शुक्ला के करकमलों से संपन्न हुआ। खेल परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह ने पूरे क्षेत्र को खेल और राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी एवं अमर शहीद सुखराम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का

औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुलाब शुक्ला ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, भाईचारे और सकारात्मक जीवन मूल्यों का सशक्त माध्यम भी हैं।उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। श्री शुक्ला ने भावुक शब्दों में कहा कि जिस धरती से मैं रोज़गार के लिए बाहर गया, उसी धरती पर लौटकर सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं इस आयोजन और गांव मेहुती के सर्वांगीण विकास के लिए शत-प्रतिशत प्रयास करूंगा, कहीं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने घोषणा की कि जनसहयोग मंच के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेने

वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की टी-शर्ट प्रदान की जाएंगी तथा आयोजन समिति द्वारा की जाने वाली हर मांग को पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्वयं को संरक्षक नहीं, बल्कि सेवक की भूमिका में रहने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश,जी उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और रोमांच दोनों बढ़ गया है। प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों एवं बाहरी टीमों के लिए अलग-अलग फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विजेता टीम को 21,000 एवं उपविजेता टीम को ?15,000 की नकद पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि 30 जनवरी को प्रतियोगिता के साथ-साथ शहीद दिवस के अवसर पर अमर शहीदों के परिजनों के सम्मान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं बाहरी टीमों के सभी मुकाबले लगातार 01 फरवरी तक संपन्न होंगे, जिसके बाद फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कमलेंद्र सिंह कमलू, आर.बी. सिंह (एई), सुनील मिश्रा (जेई), संतोष चतुर्वेदी, हेमलता सिंह, के.सी. शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, ब्रजेश पयासी, रामनरेश त्रिपाठी, विजय सिंह उपस्थित रहे।



चित्रकूट में वरिष्ठ पत्रकार विनोद तिवारी को मिला कामदगिरि सम्मान

चार दशकों की निष्पक्ष पत्रकारिता को नमन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 29 जनवरी धर्मनगरी चित्रकूट के गोलोक धाम हनुमानधारा बाईपास स्थित परिसर में दैनिक नवभारत सतना के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकारिता के 40 वर्ष पूर्ण होने पर ष्कामदगिरि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सत्य साहस और समाजहित के लिए पत्रकार श्री विनोद तिवारी को समर्पित पत्रकारिता के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री तिवारी की लेखनी सत्ता के लिए नहीं बल्कि सच और संवेदना के पक्ष में खड़ी रही है। उन्होंने पत्रकारिता को आजीविका नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व और जनसेवा का माध्यम बनाया।आयुर्वेद विशेषज्ञ पंडित दयाशंकर गंगेले ने कहाजैसे आयुर्वेद शरीर को रोग से मुक्त करता है वैसे ही विनोद तिवारी जी की पत्रकारिता समाज को अन्याय से मुक्त करने का कार्य करती है।

उनका जीवन अनुशासन सेवा और सत्य का उदाहरण है वरिष्ठ पत्रकार अमर सिहं राठौर एव संदीप रिछारिया ने कहाचार दशक तक मूल्यों के साथ पत्रकारिता करना सबसे बड़ी साधना है। विनोद तिवारी जी ने कभी समझौता नहीं कियाए इसलिए उनका सम्मान पूरे पत्रकार समाज का सम्मान बन गया है ।तीर्थ पुरोहित पंडित मनोज तिवारी ने कहाधर्मनगरी चित्रकूट में ऐसे कर्म योगी पत्रकार का सम्मान होना इस बात का संकेत है कि समाज आज भी सत्य और संस्कार को पहचानता है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगा। वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा ने कहाविनोद तिवारी जी की सबसे बड़ी पहचान उनकी निर्भीकता और संतुलन है।

उन्होंने न तो दबाव में कलम झुकाई और न ही लोकप्रियता के लिए सिद्धांत छोड़ेइस अवसर पर तीर्थ पुरोहित पंडित मनोज तिवारी आयुर्वेद विशेषज्ञ पंडित दयाशंकर गंगेले वरिष्ठ समाजसेवी अश्विनी यादव वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार संदीप रिछारिया पंडित घनश्याम आचार्य रविकरण तिवारी राम बहोरी अतरौलिया एवं व्यापारी गणेश केसरवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक चिंतक कवि एवं साहित्यकार स्वण् द्वारिकेश पटेरिया सहित अन्य प्रतिष्ठित विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।समारोह का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि पत्रकारिता की गरिमा सामाजिक सरोकार और धर्मनगरी चित्रकूट की सांस्कृतिक चेतना को निरंतर सहेजा जाएगा.

भोपाल ने नागपुर को हरा कर अगले दौर में जगह बनाई

आज का मैच भोपाल और पटियाला के बीच होगा

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 29 जनवरी, लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम रामपुर बाघेलान में विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया आयोजकत्व में चल रहे स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 12वें दिन भोपाल और नागपुर के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें भोपाल विजयी रहा।

भोपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट खोकर 281 रन बनाई, ज़बाब में नागपुर की टीम 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 271 रन ही बना पाई, टीम नागपुर 10 रनों से मैच को हार गई। नागपुर टीम मैच भले ही हार गई लेकिन रामपुर बघेलान में अपनी खेलभावना की छाप छोड़ गई है,आज के मैन ऑफ द मैच रहे भोपाल के अक्षत सोलंकी जिन्होंने शानदार 83 रनों के साथ चार विकेट लेकर अपनी टीम को मैच जिताया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष सिंह अंबू रहे, अशोक सिंह पप्पू,विश्वविजय सिंह,पुष्पेंद्र सिंह पुष्पे,अजीत सिंह,कमलेश कचेर,धीरज सिंह,शत्रुघ्नजय सिंह छोटे भैया,प्रदीप सिंह,पवन गौतम,मोहित सिंह करही,संतोष सिंह त्योधरी,शैलेंद्र निगम,संदीप गुप्ता,शिवमोहन सिंह लाला,सुनील सिंह, कुबेर ताम्रकार,गंगा सिंह, अंकुश चौधरी,सोनू शर्मा, इसराइल खान,सहित काफी तादाद में खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद उठाया, अंपायर पवन तिवारी और अमित शर्मा,स्कोरर,पंकज सिंह सिद्धांत बघेल के साथ,आयोजक समिति की मौजूद रही। कल शुक्रवार का मैच भोपाल और पटियाला के बीच खेला जाएगा ।

माधुरी निगम को दीं श्रद्धांजलि

सतना 29 जनवरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी सतीश निगम की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी निगम का 26 जनवरी बड़ोदरा में बीमारी के पश्चात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। उनके निधन पर विधायक विक्रम सिंह विक्की ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उनके निधन पर दुर्गा निगम, डॉ डी के निगम, अरविन्द निगम, हरीश निगम, राजेश निगम, ब्रजेश निगम, विष्णु प्रकाश खरे, आनंद बिहारी खरे, प्रकाश चंद निगम, अनिल निगम, ऋषभ निगम, संजय निगम ,ऋषित निगम, आदर्श निगम, राज खरे, बंटू श्रीवास्तव शोक व्यक्त किया है।

नेता जी को लगा की हम ही कानून हैं...

नवभारत न्यूज

नागौद 29 जनवरी, सत्ता संगठन का रास्ता यदि व्यवस्थित होगा तो सफर इतना ही आसान बनेगा यदि संगठन में किरकिरी हो तो नेतागिरी का मतलब ही है क्या ?

ऐसा ही भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ हो रहा है वीडियो वायरल हुआ लोगों के कान खड़े हुए कानाफूसी शुरू हुई मामले को दबाने के लिए कई घंटे का समय मिला क्योंकि सत्ता वाले संगठन के मंडल मुखिया हैं लेकिन यह भूल गए की वर्तमान जमाना हाईटेक हर हाथ में मोबाइल है यदि संगठन का गुरुर काम करता तो नेताजी की किरकिरी नहीं होती ? मोबाइल ने पर्दा डालने से रोका और पर्दा खोल कर रख दिया जिस युवती और उसकी माता के साथ संगठन के नशे में चूर मंडल अध्यक्ष ने हाथापाई की वह महिला भी टंडन के कार्यकारिणी में मंडल मंत्री के पद पर है । बैश्य सम्मेलन महिला संगठन की स्थानीय जिम्मेदार पदाधिकारी हैं यह कोई पहला वाक्या नहीं है इसके पहले भी भाजपा मंडल अध्यक्ष और उनके पदाधिकारियों के साथ भी विवाद हो चुका है मामला भले ही पुलिस तक न पहुंचा हो ? लेकिन यह बात तय है कि संगठन में पद अनुभव के आधार पर मिलना चाहिए । आर्थिक रूप से संपन्नता देखकर संगठन पद पर ताजपोशी कर देना है कहां तक उचित है? अनुभवहीन को पद में बैठा देने से संगठन का भला नहीं होता नेता गिरी का मतलब ही होता है की नेता गिरी कब गिरी पता नहीं लेकिन नेता गिरी कुछ ऐसा ही यहां हो रहा है सवाल भाजपा के कार्यक्रमों की शुरुआत कन्या पूजन से होती है महिलाओं के सम्मान में महिला सशक्तिकरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सुकन्या योजना, महिला प्रोत्साहन की कई योजनाएं संचालित है तो क्या इन्हें नहीं मालूम जो एक महिला के साथ बूरी तरह से मारपीट करने पर उतारू हो गए , नेता जी को किस बात का गुरूर है कि इनका कुछ नहीं होगा कानून को हाथ में ले लिया लेकिन कानून सबके लिए है कानून काम करेगा । तस्वीर कभी झूठ नहीं हो सकती। भाजपा सबका साथ सबका विकास ,अंतोदय की बात करती है लेकिन स्थानीय संगठन के मुखिया अपनी बात करते हैं अपने हौसले अपनी उड़ान अपनी दबंगई के साथ संगठन चलाते हैं क्योंकि पार्टी में दरी बिछाने का काम तो कभी किया नहीं सीधे पद मिल गया अधिकारियों के साथ बैठने चर्चा करने माला पहनने मंचों में स्थान प्रोटोकॉल के तहत मिलने लगा इन्हें लगा हमारा कुछ नहीं होगा ?

माखनलाल के कुलगुरू ने शिवानी को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 29 जनवरी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की पत्रकारिता की पूर्व छात्रा रही शिवानी शर्मा ने प्रतिभा 2024 में एकल गायन भारतीय परिशर में प्रथम स्थान हासिल किया था। एमसीयू के कुलगुरू विजयमनोहर तिवारी ने बुधवार को मेडल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट कर शिवानी शर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान एमसीयू के आकादमिक प्रभारी डा सतेन्द्र डेहरिया, वरिष्ठ पत्रकार जयंत तोमर ,जयराम शुक्ल भी प्रतिभा सम्मान समारोह मे मौजूद रहे।

आदर्श उच्च मा वि रामपुर में 77वां गणतंत्र हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 29 जनवरी, नगर परिषद रामपुर बघेलान में संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बाघेलान में 77 वा गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार आदिवासी उपाध्यक्ष नगर परिषद रामपुर बघेलान ने झंडा फहरा कर तिरंगे को सलामी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रामचरित सिंह ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद सुदर्शन कोल और पूर्व पार्षद रामायण सिंह, प्रमोद साकेत उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा गणतंत्र और संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के बाद देश को चलाने के लिए नियम, कानून की आवश्यकता थी जिसे भारत के प्रथम विधि मंत्री भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों की अथक मेहनत से तैयार किया। उनके द्वारा बनाए गए कानून से आज देश की कानून व्यवस्था चल रही है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि भूखे पेट रहकर भी शिक्षा जैसी अमूल्य धरोहर को हम सभी को मिलकर बच्चो को देना चाहिए ताकि एक अच्छे भारत का निर्माण हो सके। राष्ट्र गान वीना,प्रांजलि, प्रिंसी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वगत गीत से महिमा, सालनी ने किया। लघु नाटिका समाज में बढ़ते हुए नशा के दुष्प्रभाव पर रक्षक, ओमनी,संजना, रोशन, तान्या, उर्मी ने प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। राष्ट्रगीतो में राधिका, मानवी, रोशनी,प्रियंका, साक्षी,समी, अमृता, शिवांगी, माही, रूबी, दीक्षा, सौम्याने प्रस्तुत किया जबकि भाषण भैया दीपक सेन, रुचि, दिव्या, ने प्रस्तुत करते हुए संविधान पर प्रकाश डाला। पुलवामा कांड पर आस्था कुशवाहा ने प्रकाश डालते हुए इसे देस विरोधी ताकतों पर करारा प्रहार किया। इस अवसर पर प्रिंसी शुक्ला, माया वर्मा, नीरज सिंह, अन्नपूर्णा सिंह, माया प्रजापति, प्रियंका, कंचन, खुशी, अंजना साकेत, साधना, ओर विद्यालय की संचालिका उर्मिला रामबली सिंह उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम का संचालन भैया पंकज सिंह ने किया।

आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह ने किया।

सांदीपनी विद्यालय में कैरियर मेला आयोजित

नवभारत न्यूज

रामनगर 29 जनवरी, संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में कैरियर मेला का आयोजन दिनांक 27 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिनौती के प्राचार्य राम सुशील पटेल रहे, अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुग्रीव सिंह विशेन ने किया, शुभारंभ मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम कक्षा दसवीं के सभी और कक्षा बारहवीं विज्ञान तथा कला संकाय के सभी बच्चे सम्मिलित हुए । मुख्य अतिथि के द्वारा करियर मेला और कैरियर जागरूकता के बारे में सभी बच्चों को बताया गया कैसे हम सही करियर का चुनाव करें तथा करियर को चुनने के समय हमें किन पदों को ध्यान रखना होगा इत्यादि बातों पर विस्तृत में चर्चा किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक तथा

कैरियर नोडल डॉ वासुदेव तिवारी कैरियर काउंसलिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय के रसायन विज्ञान के उच्च माध्यमिक शिक्षक राम चरण साहू द्वारा करियर की विभिन्न पदों के बारे में बताया गया तथा करियर चुनाव में किन बातों का ध्यान रखा जाए आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय उच्च माध्यमिक शिक्षक जीव विज्ञान अनंत भट्ट के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संकाय की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई इसमें कला संकाय विज्ञान संकाय कॉमर्स संकाय कृषि संकाय आदि की विस्तृत जानकारी दी गई विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक राहुल गौतम द्वारा, स्थानीय उद्योग तथा स्थानीय शिक्षण संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों को कैरियर का उपयुक्त चुनाव करने के लिए अपने रुचि , स्किल व्यक्तित्व तथा कार्य जीवन संतुलन आदि बातों का ध्यान रखना चाहिए , कैरियर नोडल डॉक्टर बासुदेव तिवारी, के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया कार्यक्रम में 400 विद्यार्थी 10 अभिभावक तथा 40 शिक्षक सम्मिलित हुए।

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन में मनाया गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 29 जनवरी, समारोह के मुख्य अतिथि प्रताप गुप्ता जो कि पूर्व वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन स्वर्गीय श्री राम हित गुप्ता जी के सुपौत्र हैं। आज जहां पर विद्यालय संचालित है वह भूमि उन्ही के द्वारा दान दी गई थी ।

इस विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य रहे श्री देवसुंदर त्रिपाठी जी कार्यक्रम के अध्यक्ष थे ।विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मान्यवर श्री महेश प्रसाद गुप्ता जी रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन, ध्वजारोहण, भारत माता की आरती की गई विद्यालय की

बहनों द्वारा राष्ट्रगान तथा भारत माता की आरती का गायन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेंद्र तिवारी जी द्वारा अतिथियों का परिचय स्वागत कराया गया। तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत किए गए। अखिल भारतीय विज्ञान प्रश्न मंच विजेता टीम एवं संरक्षक आचार्य को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी भैया बहनों से अपने कर्तव्य पालन के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया तथा विद्या भारती के द्वारा किए जाने वाले सामाजिक सरोकार के विषयों पर भी प्रकाश डाला कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री देव सुंदर जी ने विद्यालय के इतिहास का वर्णन करते हुए किस प्रकार विद्यालय प्रारंभ हुआ इसका पर प्रकाश डालते हुए देश के लिए समाज के लिए स्वयं का समर्पण किस प्रकार हो इस पर चर्चा की कार्यक्रम में श्री राकेश ताम्रकार जी समिति उपाध्यक्ष व्यवस्थापक सुधीर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष सुरेश चौरसिया समिति सदस्य एवं पूर्व व्यवस्थापक जय कुमार जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष शुयस चतुर्वेदी मातृशक्ति, अभिभावक बंधु, आचार्य परिवार एवं भैया बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन भैया रूद्र शर्मा एवं भैया सक्षम द्विवेदी श्री राजेश त्रिपाठी जी के नेतृत्व में किया गया ।कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के साथ हुआ।

विकास खटिक सम्मानित

निर्वाचन कार्यालय अमरपाटन (एस डी एम महोदया) एवम अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपाटन द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 के उपलक्ष्य एस आई आर में सर्वोच्च कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया .

गणतंत्र दिवस पर बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण

नवभारत न्यूज

कोटर 29 जनवरी, सत्यशोधक विकास सेवा समिति लखनवाह के अध्यक्ष भगत शरण सिंह उर्फ रवि सिंह बरगाही के द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय लखनवाह में गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों को कॉपी और पेन वितरण किया गया ।

इस कार्य में समिति के सभी पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत की सरपंच श्यामकली आदिवासी और स्कूल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार त्रिपाठी ,शिक्षक हरिवंश साकेत ,राजेंद्र प्रसाद पांडे, लालमन आदिवासी ,अरुणेंद्र सिंह, श्रीमती अर्चना शुक्ला आंगनबाड़ी स्टाप रंजना वर्मा, कमला वर्मा, रेखा वर्मा , स्व सहायता समूह डॉक्टर अंबेडकर स्व सहायता समूह रामकली यादव, मीना यादव, श्यामकली यादव, सविता यादव, रेणु यादव, ,सत्यशोधक विकास सेवा समिति लखनवाह के उपाध्यक्ष शिवसागर सिंह, राजकुमार यादव सचिव, कृष्ण पाल कुशवाहा सह सचिव, कृष्णधार द्विवेदी कोषाध्यक्ष, प्रणय यादव सदस्य, रामसखा चौधरी सदस्य एवं ग्राम पंचायत के समाजसेवी यदुवंश प्रसाद गौतम, आदि सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।

खाद की कालाबाजारी से अन्नदाता त्रस्त

नवभारत न्यूज

कोठी 29 जनवरी, जब किसानों को खाद की आवश्यकता होती है तब उसको खाद सही समय व सही दाम पर नहीं मिल पाती और किसानों को काफी परेशान होना पड़ता है और कालाबाजारी के चलते मनमानी लूट का शिकार होना पड़ता है।

इस समय किसानों को खाद की आवश्यकता है रवी की फसल का सीजन चल रहा है और मुख्य रूप से गेहूं की फसल अपने चढ़ाव पर है और खाद मुख्य रूप से यूरिया की आवश्यकता है , परंतु यूरिया के नाम पर जिंक बेंती जा रही है। बची कुची कसर रजिस्ट्रेशन के नाम पर पूरी कर दी जाती है क्षेत्र में कई किसान ऐसे हैं जो ठेके में भी खेती करते हैं जिनको खाद की आवश्यकता अधिक पड़ती है परंतु उनको समस्या और अधिक हो रही है?270 में मिलने वाली यूरिया?500 देने पर भी नहीं मिल रही है और दुकानदारों द्वारा तरह-तरह की बातें बताकर किसानों को भ्रमित जाता है अन्नदाताओं ने जिम्मेदारों से गुहार लगाई है कि इस तरह कालाबाजारी कब तक जारी रहेगी आखिर यह हर बार क्यों होता है जब खाद की आवश्यकता होती है तो कालाबाजारी शुरू हो जाती है इसमें अन्नदाता मनमानी रूप से लूट का शिकार होता है आखिर यह बार-बार किसके सह से होता है आगे आने वाले दिनों में सरकार को इसका परिणाम भोगना ही पड़ेगा क्योंकि बार-बार किसान को तरह-तरह से लूटा जाता है और जिम्मेदार मजे उड़ाते हैं ।

मौहार गांव के किसान इन दिनों सबसे अधिक संकट पर चल रहे हैं कई किसानों ने बताया कि एक तो दुकानदारों द्वारा सही दाम पर खाद नहीं दी जाती जिंक के नाम पर मनमानी दाम लिया जाता है दूसरा रजिस्ट्रेशन के नाम पर परेशान किया जाता है कई दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कहीं का कराया है और दुकान कहीं पर खोल रखे हैं जिससे परेशानी और अधिक हो जाती है और किसान दुकान ही ढूंढते रह जाते हैं और दुकान मिलती नहीं रज्जे सिंह ने बताया कि 490 देने के बाद दुकानदारों द्वारा खाद दी जा रही है विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अन्नदाता लुट रहा है। दिवाकर सिंह ने बताया कि जब भी खाद की आवश्यकता होती है दुकानदारों द्वारा कालाबाजारी शुरू कर दी जाती है और मनमानी दाम पर खाद बेची जाती है इस बार ?500 प्रति बोरी के हिसाब से यूरिया खरीदनी पड़ी है इसके पहले भी खरीफ की फसल में यही हाल थे।

यूजीसी के विरोध 1 फरवरी को आंशिक मैहर बंद का आव्हान

नवभारत न्यूज

अमदरा 29 जनवरी, समीपी ग्राम खेरवा कला निवासी मनोज तिवारी अध्यक्ष भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ तहसील मैहर ने बताया कि यूजीसी के खिलाफ

29 जनवरी को चंडी माता मंदिर प्रांगण में सवर्ण समाज मंच मैहर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ब्राह्मण समाज/क्षत्रिय समाज/अग्रवाल समाज/कायस्थ समाज/सिन्धी समाज/ सिख समाज/केसरवानी समाज/ जैन समाज/गुप्ता समाज एक साथ मिलकर वर्तमान समय में सवर्ण समाज के प्रति लगातार संवैधानिक शोषण विरुद्ध नए कानून का विरोध करने एक वृहद योजना बनाई गई । विषय यूजीसी 2026 अधिनियम लागू किया गया है उससे सामाजिक समरसता छिन्न भिन्न होगी जातीय संघर्ष को बढ़ावा मिलेगा और उच्च शिक्षा संस्थानों में सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं एवं कर्मचारी असुरक्षित महसूस करेंगे इसे मूलत: वापस किए जाने हेतु सवर्ण समाज 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को स्वैच्छिक रूप से बाजार आंशिक समय पूर्वाह्न 12 बजे तक प्रतिष्ठान/दुकान बंद रखने हेतु का आग्रह करेंगे। इस हेतु दिनांक 31 जनवरी दिन शनिवार शाम 3 बजे से बाजार बंद रखने का शांतिपूर्ण आग्रह किया जाएगा साथ में 1 माइक के माध्यम से अनुरोध भी किया जाएगा ।दिनांक 1 फरवरी दिन रविवार को सवर्ण समाज मैहर के सभी लोग घंटाघर रेस्टहाउस के पास एकत्रित होकर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक धरना देंगे और धरना उपरांत धरना स्थल पर ही माननीय को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

नागौद । सड़क दुर्घटना में रुपेश शुक्ला पिता प्रभु शुक्ला निवासी खेरवा टोला नागौद(झींगोदर)(कैलाश मेडिकल स्टोर अस्पताल चौक) का बीती शाम नागौद सतना सड़क मार्ग के मोहारी के नजदीक ई रिक्शा पलटने से निधन हो गया है। मृतक एकेडमिक का छात्र था बसों की हड़ताल होने के कारण सतना मार्ग में ऑटो ई रिक्शा का संचालन दिन भर हो रहा था कॉलेज से वापस अपने घर ई रिक्शा से छात्र आ रहा था अचानक रिक्शा के पलटने ने से उसकी मौत हो गई रिक्शा में आधा दर्जन लोग सवार थे रुपेश पंडित किशोरी लाल शुक्ला सेवानिवृत शिक्षक ज्योतिषाचार्य के भतीजे हैं उनका अंतिम संस्कार जसो रोड स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 12 संपन्न हुआ